(URATPG-2023)

Number of Pages in Booklet : 24
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 24

Number of Questions in Booklet : 100
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

140046

Admission Test for PG Course
GEOLOGY
Subject Code / विषय कोड - 14

Roll No. of Candidate / अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : .....

OMR Serial Number / ओ.एम.आर. क्रमांक : .....

Signature of Candidate / अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : .....

Date of Examination / परीक्षा तिथि : .....

Signature of Invigilator / वीक्षक के हस्ताक्षर : .....

Time / समय : Two hours / दो घण्टे | **Maximum Marks / पूर्णांक : 100**

INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 1 to serial no. 100 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (A), (B), (C), (D).
5. Choose only one alternative as an answer of each question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the OMR, sheets by using **BLUE / BLACK BALL POINT PEN.**
8. There is no provision of **Negative marking.**
9. Carrying Mobile phone/Electronic devices/ Smart watch in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found, then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. No candidate will be allowed to leave the Hall before the end of examination.
12. If there is any difference between English and Hindi version of questions, the English version shall be correct.

निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिये।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 100 तक के प्रश्न विषय से संबंधित हैं।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमश: (A), (B), (C), (D) से अंकित किया गया है।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को ओ.एम.आर. शीट पर **नीले / काले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है।
9. मोबाइल फोन/इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस/स्मार्ट वॉच का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है। साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियों को ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें। ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।
11. परीक्षा समाप्ति के पूर्व किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द से बाहर जाने की अनुमति नहीं है।
12. यदि प्रश्न के हिन्दी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा।

SEAL

1. Which of the following was not a part of the East Gondwana Supercontinent ?

(A) Australia

(B) Antarctica

(C) India

(D) Africa

2. Which of the following Indian cities has the highest probability of earthquake occurrence ?

(A) Nagpur

(B) Jaipur

(C) Shillong

(D) Hyderabad

3. Which of the following concepts explains the presence of deeper roots below high mountains ?

(A) Isostasy

(B) Paleomagnetism

(C) Uniformitarianism

(D) Law of superposition

4. When did the Proterozoic Eon begin ?

(A) ~3300 million years from now

(B) ~2500 million years from now

(C) ~542 million years from now

(D) ~1700 million years from now

5. What is the average density of the Earth's continental crust ?

(A) 2.7 g/cm^3

(B) 4.4 g/cm^3

(C) 9.8 g/cm^3

(D) 3.9 g/cm^3

1. निम्नलिखित में से कौन सा पूर्वी गोंडवाना सुपरकॉन्टिनेंट का हिस्सा नहीं था ?

(A) ऑस्ट्रेलिया

(B) अंटार्कटिका

(C) भारत

(D) अफ्रीका

2. निम्नलिखित में से किस भारतीय शहर में भूकंप आने की आशंका सबसे अधिक है ?

(A) नागपुर

(B) जयपुर

(C) शिलांग

(D) हैदराबाद

3. निम्न में से कौन सी अवधारणा उच्च पर्वतों के नीचे गहरी जड़ों की उपस्थिति की व्याख्या करती है ?

(A) समस्थानिकता

(B) पुराचुम्बकत्व

(C) एकरूपतावाद

(D) अध्यारोपण का नियम

4. प्राग्जीव महाकल्प का आरम्भ कब हुआ ?

(A) वर्तमान से ~330 करोड़ वर्ष पूर्व

(B) वर्तमान से ~250 करोड़ वर्ष पूर्व

(C) वर्तमान से ~54.2 करोड़ वर्ष पूर्व

(D) वर्तमान से ~170 करोड़ वर्ष पूर्व

5. पृथ्वी की महाद्वीपीय पर्पटी का औसत घनत्व कितना है ?

(A) 2.7 g/cm^3

(B) 4.4 g/cm^3

(C) 9.8 g/cm^3

(D) 3.9 g/cm^3

11. Which of the following is an aluminium-silicate mineral ?

(A) Corundum

(B) Calcite

(C) Baryte

(D) Kyanite

11. निम्नलिखित में से कौन-सा एक एल्यूमीनियम-सिलिकेट खनिज़ है ?

(A) कोरन्डम

(B) केल्साइट

(C) बेराइट

(D) क्यनाइट

12. Which of the following mineral pairs is an example of polymorphism ?

(A) Forsterite - Fayalite

(B) Albite - Orthoclase

(C) Albite - Anorthite

(D) Calcite - Aragonite

12. निम्नलिखित में से कौन-सा खनिज युग्म बहुरूपता सम्बन्ध दर्शाता है ?

(A) फोर्स्टेराइट - फायलाइट

(B) एल्बाइट - ऑर्थोक्लेज़

(C) एल्बाइट - एनोर्थाइट

(D) केल्साइट - एरागोनाइट

13. Which of the following is classified as optical property of a mineral ?

(A) Shape

(B) Pleochroism

(C) Specific gravity

(D) Magnetic susceptibility

13. निम्नलिखित में से किसे खनिज के प्रकाशिक गुण के रूप में वर्गीकृत किया गया है ?

(A) आकार

(B) बहुवर्णता

(C) आपेक्षित घनत्व

(D) चुंबकीय सुग्राह्यता

14. The Albite - Anorthite mineral pair is an example of _____ .

(A) isomorphism

(B) solid- solution

(C) pseudomorphism

(D) K-feldspar group minerals

14. एल्बाइट - एनोर्थाइट खनिज युग्म _____ का एक उदाहरण है।

(A) समरूपता

(B) ठोस विलयन

(C) स्यूडोमोर्फिज्म

(D) K-फेल्डस्पार समूह खनिज

15. Which of the following represents an optical property of plagioclase ?

(A) Isotropism

(B) High relief

(C) Two sets of cleavages

(D) Lamellar twinning

15. निम्नलिखित में से कौन सा प्लाजियोक्लेज़ के प्रकाशकीय गुणों का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) समदैशिकता

(B) उच्च उच्चावच

(C) विदलन के दो सेट

(D) पट्लित यमलन

21. Which of the following subdivisions of geology deals with the age of rocks and minerals ?

(A) Physical Geology

(B) Geomorphology

(C) Geochronology

(D) Paleomagnetism

21. भूविज्ञान का निम्नलिखित में से कौन सा उपखंड चट्टानों और खनिजों की आयु से संबंधित है ?

(A) भौतिक भूविज्ञान

(B) भू-आकृति विज्ञान

(C) भूकालानुक्रम

(D) पुराचुम्बकत्व

22. What is the average thickness of Earth's oceanic crust ?

(A) 50 - 60 km

(B) 30 - 35 km

(C) 6 -10 km

(D) 40 - 45 km

22. पृथ्वी की महासागरीय पर्पटी की औसत मोटाई कितनी है ?

(A) 50 - 60 किमी

(B) 30 - 35 किमी

(C) 6 -10 किमी

(D) 40 - 45 किमी

23. What is the hardness of apatite in the Mohs's hardness scale ?

(A) 5

(B) 9

(C) 7

(D) 8

23. मोह् के कठोरता पैमाने में एपेटाइट की कठोरता कितनी होती है ?

(A) 5

(B) 9

(C) 7

(D) 8

24. Which among the following has the highest density ?

(A) Outer core

(B) Lithosphere

(C) Asthenosphere

(D) Oceanic crust

24. निम्नलिखित में से किसका घनत्व सबसे अधिक है ?

(A) बाह्य क्रोड

(B) स्थलमंडल

(C) एस्थेनोस्फीयर

(D) महासागरीय पर्पटी

25. Which of the following is associated with the collision of oceanic and continental plates ?

(A) Intracontinental orogenic belt

(B) Mid-ocean ridge

(C) Subduction zone

(D) Transform fault zone

25. निम्नलिखित में से कौन सा महासागरीय और महाद्वीपीय प्लेटों के टकराने से संबंधित है ?

(A) अंत:महाद्वीपीय पर्वतीय क्षेत्र

(B) मध्य महासागरीय कटक

(C) सबडक्शन जोन

(D) ट्रांसफॉर्म भ्रंश जोन

31. Which of the following would result from a continent-continent collision ?

(A) Formation of new oceans

(B) Development of Mountain belt

(C) Dendritic drainage pattern

(D) Eruption of flood basalts through linear fractures

31. निम्नलिखित में से कौन-सा महाद्वीप-महाद्वीप टकराव से सम्बंधित है ?

(A) नए महासागरों का निर्माण

(B) पर्वत श्रंखला का विकास

(C) द्रुमाक्रतिक जल निकास तंत्र

(D) रेखीय विभंग के माध्यम से पूरबेसाल्ट लावा का प्रसार

32. Which of the following represents sedimentary rocks with larger grains at the bottom and smaller towards top of the bed ?

(A) Graded bedding

(B) Convolute bedding

(C) Cross bedding

(D) Oscillation ripples

32. निम्नलिखित में से कौन ऐसी तलछटी चट्टान को निरूपित करता है जिसके तल में बड़े दाने होते हैं जो संस्तर के ऊपर की ओर छोटे होते जाते हैं ?

(A) क्रमिक संस्तरण

(B) संवलन संस्तरण

(C) तिर्यक संस्तरण

(D) दोलन तरंगें

33. Which of the following represents deep-water conditions ?

(A) Ripple marks

(B) Chert deposition

(C) Rain drop prints

(D) Mud cracks

33. निम्नलिखित में से कौन गहरे जल की स्थिति का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) उर्मिका चिन्ह

(B) चर्ट अवसादन

(C) बारिश की बूंदों के निशान

(D) पंक विदर

34. Which of the following is not a medium-grained clastic sedimentary rock ?

(A) Mudstone

(B) Sandstone

(C) Arkose

(D) Greywacke

34. निम्नलिखित में से कौन एक मध्यम-आकार दानेदार खंडीय तलछटी चट्टान नहीं है ?

(A) पंकाश्म

(B) बलुआ पत्थर

(C) आर्कोज़

(D) ग्रेवैक

35. Which of the following is an example of rudaceous sedimentary rock ?

(A) Conglomerate

(B) Siltsone

(C) Mudstone

(D) Sandstone

35. निम्नलिखित में से कौन-सा गुटिकामय अवसादी चट्टान का उदाहरण है ?

(A) संगुटिकाश्म

(B) पांशु प्रस्तर

(C) मृतिकाश्म

(D) बलुआ पत्थर

41. Name the process in which low-silica minerals crystallize from a homogenous magma under reducing temperature conditions, leaving a relatively silica-rich melt.

(A) Assimilation

(B) Fractional crystalization

(C) Solidification

(D) Dissemination

41. उस प्रक्रिया का नाम बताइए जिसमें तापमान कम होने पर एक समरूप मैग्मा से निम्न-सिलिका खनिज क्रिस्टलीकृत होता है, तथा अपेक्षाकृत उच्चसिलिका युक्त द्रव बचता है।

(A) आत्मसातीकरण

(B) प्रभाजी क्रिस्टलीकरण

(C) दृढ़ीभवन

(D) प्रकीर्णन

42. Quartzite is a metamorphic product of _____.

(A) Mudstone

(B) Granite

(C) Quartz diorite

(D) Sandstone

42. क्वार्टजाइट _____ का रूपांतरित उत्पाद है।

(A) पंकाश्म

(B) ग्रेनाइट

(C) क्वार्ट्ज डायोराइट

(D) बलुआ पत्थर

43. Arrange the following minerals according to the increasing grade of metamorphism.

(i) chlorite

(ii) garnet

(iii) sillimanite

(iv) biotite

(A) i, ii, iii, iv

(B) ii, i, iv, iii

(C) i, iv, ii, iii

(D) ii, iv, i, iii

43. निम्नलिखित खनिजों को कायांतरण की बढ़ती श्रेणी के क्रम में व्यवस्थित करें।

(i) क्लोराइट

(ii) गार्नेट

(iii) सिलिमेनाइट

(iv) बायोटाइट

(A) i, ii, iii, iv

(B) ii, i, iv, iii

(C) i, iv, ii, iii

(D) ii, iv, i, iii

44. Which among the following is an example of essentially high-temperature metamorphism around an igneous intrusion ?

(A) Regional metamorphism

(B) Contact metamorphism

(C) Dynamothermal metamorphism

(D) Burial metamorphism

44. निम्नलिखित में से कौन सा आग्नेय अंतर्वेधन के समीप मुख्य रूप से उच्च तापमान कायांतरण का एक उदाहरण है ?

(A) क्षेत्रीय कायांतरण

(B) संपर्क कायांतरण

(C) गतितापीय कायांतरण

(D) अन्तर्हित कायांतरण

50. The structure of metamorphic rocks that closely resembles the phaneritic-equigranular texture of igneous rocks is called :

(A) Gneissic

(B) Mylonitic

(C) Granoblastic

(D) Hornfelsic

51. Which of the following is the most important factor for cataclastic metamorphism ?

(A) Pressure

(B) Volatiles

(C) Temperature

(D) Chemically active fluids

52. Which of the following represents the mineral composition of charnockite ?

(A) Pyroxene-plagioclase-K-feldspar-blue quartz

(B) K-feldspar-boitite-hornblende-garnet

(C) Clinopyroxene-epidote-olivine-quartz

(D) Garnet-plagioclase-quartz-biotite

53. What is the main rock type of Deccan Volcanic Province ?

(A) Basalt

(B) Rhyolite

(C) Andesite

(D) Obsidian

54. Which of the following represents Panidiomorphic texture in igneous rocks ?

(A) rock comprising euhedral and anhedral crytals in equal proportion

(B) rock comprising essentially of glass

(C) rock comprising essentially of euhedral crystals

(D) rock comprising essentially of anhedral crystals

50. कायान्तरित चट्टानों की वह संरचना जो आग्नेय चट्टानों के दृश्यक्रिस्टली-समकणिक गठन के समतुल्य दिखती है, क्या कहलाती है ?

(A) नीसिक

(B) माइलोनिटिक

(C) ग्रैनोब्लास्टिक

(D) हॉर्नफेल्सिक

51. निम्नलिखित में से अपदलन कायांतरण के लिए सबसे महत्वपूर्ण कारक कौन-सा है ?

(A) दाब

(B) वाष्पशील पदार्थ

(C) ताप

(D) रासायनिक रूप से सक्रिय द्रव

52. निम्नलिखित में से कौन खनिज समूह चारनोकाइट के खनिज संघटन को दर्शाता है ?

(A) पाइरोक्सिन-प्लजियोक्लेज़-K-फेल्डस्पार-नीला क्वार्ट्ज

(B) K-फेल्डस्पार-बायोटाइट-हॉर्नब्लेंड-गार्नेट

(C) क्लाइनोपायरोक्सीन-एपिडोट-ओलिविन-क्वार्ट्ज

(D) गार्नेट-प्लेजियोक्लेज़-क्वार्ट्ज-बायोटाइट

53. दक्कन ज्वालामुखीय क्षेत्र की प्रमुख चट्टान कौन-सी है ?

(A) बेसाल्ट

(B) रायोलाइट

(C) एंडेसाइट

(D) ओब्सीडियन

54. निम्नलिखित में से कौन आग्नेय चट्टानों में पूर्णस्वरूपी गठन दर्शाता है ?

(A) चट्टान में समान अनुपात में पूर्णफलकीय और अफलकीय क्रिस्टल होते हैं

(B) चट्टान जिसमें अनिवार्य रूप से कांचाभ गठन होता है

(C) चट्टान जिसमें अनिवार्य रूप से पूर्णफलकीय क्रिस्टल होते हैं

(D) चट्टान जिसमें अनिवार्य रूप से अफलकीय क्रिस्टल होते हैं

60. Which of the following is an example of monomineralic igneous rock ?

(A) Diorite

(B) Andesite

(C) Anorthosite

(D) Granodiorite

60. निम्नलिखित में से कौन-सा एक-खनिजीय आग्नेय चट्टान का उदाहरण है ?

(A) डायोराइट

(B) एनडेसाईट

(C) एनोर्थोसाइट

(D) ग्रैनोडायोराइट

61. Which of the following is a characteristic property of acidic lava ?

(A) High viscosity

(B) Low silica

(C) High Fe-Mg content

(D) High temperature

61. निम्नलिखित में से कौन-सा अम्लीय (सिलिकीय) लावा का विशिष्ट गुण है ?

(A) उच्च श्यानता

(B) अल्प सिलिका

(C) Fe-Mg की अधिक मात्रा

(D) उच्च तापमान

62. Which of the following is a primary ore mineral of iron ?

(A) Magnetite

(B) Magnesite

(C) Augite

(D) Forsterite

62. निम्नलिखित में से कौन लौह का एक प्राथमिक अयस्क खनिज है ?

(A) मेगनेटाइट

(B) मैग्नेसाइट

(C) ऑगाइट

(D) फोरस्टेराइट

63. Sphalerite is the primary ore mineral of which of the following metals ?

(A) Copper

(B) Lead

(C) Zinc

(D) Galium

63. स्फेलेराइट निम्नलिखित में से किस धातु का प्राथमिक अयस्क खनिज है ?

(A) तांबा (ताम्र)

(B) सीसा

(C) जिंक

(D) गैलियम

64. Which of the following minerals has aluminium as an important constituent ?

(A) Bauxite

(B) Chalcocite

(C) Sphalerite

(D) Pyrite

64. निम्नलिखित में से एल्युमीनियम किस खनिज का एक महत्वपूर्ण घटक है ?

(A) बॉक्साइट

(B) चेल्कोसाइट

(C) स्फेलेराइट

(D) पाइराइट

70. Which of the following makes a correct pair in terms of the locality and ore deposit ?

(A) Zinc : Jaduguda

(B) Iron : Degana

(C) Gold : Mansar

(D) Copper : Malanjkhand

71. Which of the following statements is true for supergene enrichment zone associated with sulphide deposits ?

(A) It is above the water table.

(B) It is below the water table.

(C) It is at the ground surface.

(D) It is within the oxidation zone.

72. Which of the following statements is correct for a 'Graben' structure ?

(A) It is bound by transform faults on either side.

(B) It is bound by reserve faults on either side.

(C) It is bound by normal fault on one side and reverse fault on the other side.

(D) It is bound by normal faults on both the sides.

73. Which of the following is the oldest stratigraphic unit of Rajasthan ?

(A) Delhi Supergroup

(B) Aravalli supergroup

(C) Bhilwara Supergroup

(D) Sirohi Group

74. Which of the following units belongs to Lower Vindhyan Supergroup ?

(A) Bhander Group

(B) Semri Group

(C) Rewa Group

(D) Kaimur Group

70. निम्नलिखित में से कौन स्थान और अयस्क निक्षेप के संदर्भ में एक युग्म दर्शाता है ?

(A) जिंक : जादुगुडा

(B) लौह : डेगाना

(C) स्वर्ण : मंसर

(D) ताम्र : मलंजखंड

71. सल्फाइड निक्षेप के सन्दर्भ में सुपरजीन संवर्धन क्षेत्र के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन उपयुक्त है ?

(A) यह भौमजल स्तर के ऊपर होता है।

(B) यह भौमजल स्तर के नीचे होता है।

(C) यह भूमि की सतह पर होता है।

(D) यह ऑक्सीकरण मण्डल के भीतर होता है।

72. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'ग्रेबन' संरचना के लिए सही है ?

(A) यह दोनों ओर रूपांतर भ्रंशों द्वारा सीमित होता है।

(B) यह दोनों ओर उत्क्रम भ्रंशों द्वारा सीमित होता है।

(C) यह एक ओर सामान्य भ्रंश और दूसरी ओर उत्क्रम भ्रंश द्वारा सीमित होता है।

(D) यह दोनों ओर सामान्य भ्रंशों द्वारा सीमित होता है।

73. निम्नलिखित में से राजस्थान की सबसे पुरानी संस्तरिकी इकाई कौन-सी है ?

(A) देहली महासमूह

(B) अरावली महासमूह

(C) भीलवाड़ा महासमूह

(D) सिरोही समूह

74. निम्न में से कौन निम्न विंध्यन महासमूह का हिस्सा है ?

(A) भांडेर समूह

(B) सेमरी समूह

(C) रीवा समूह

(D) कैमूर समूह

80. Which of the following processes of ore formation is associated with the formation of Precambrian Mn-deposits of central India ?

(A) Hydrothermal activity

(B) Magmatic concentration

(C) Supergene Enrichment

(D) Sedimentation

81. Which of the following varieties of plagioclase has the highest concentration of Na ?

(A) Oligoclase

(B) Albite

(C) Labradorite

(D) Andesine

82. Which of the following is not a K-feldspar ?

(A) Orthoclase

(B) Microcline

(C) Anorthite

(D) Sanidine

83. What is the generally accepted age of the Earth ?

(A) About 454 million years

(B) About 45.4 million years

(C) About 4540 million years

(D) About 45400 million years

84. Which among the following represents the longest time span ?

(A) Mesozoic

(B) Palaeozoic

(C) Proterozoic

(D) Cenozoic

80. मध्य भारत के पुराकैम्ब्रियन Mn-निक्षेपों की उत्पति निम्न में से किस प्रक्रिया द्वारा हुई थी ?

(A) जलतापीय गतिविधि

(B) मेग्मीय सांद्रण

(C) उर्ध्वजनित संवर्धन

(D) अवसादन

81. निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्लेजियोक्लेज़ में Na की मात्रा सर्वाधिक होती है ?

(A) ओलिगोक्लेज़

(B) एल्बाइट

(C) लैब्राडोराइट

(D) एंडेसीन

82. निम्नलिखित में से कौन K-फेल्डस्पार नहीं है ?

(A) ऑर्थोक्लेज़

(B) माईक्रोक्लीन

(C) एनोर्थाइट

(D) सेनिडीन

83. पृथ्वी की आम तौर पर मान्य आयु कितनी है ?

(A) लगभग 45.4 करोड़ वर्ष

(B) लगभग 4.54 करोड़ वर्ष

(C) लगभग 454.0 करोड़ वर्ष

(D) लगभग 4540 करोड़ वर्ष

84. निम्नलिखित में से कौन-सा सर्वाधिक काल अवधि का प्रतिनिधित्व करता है ?

(A) मध्यजीवी

(B) पुराजीवी

(C) प्रागजीवी

(D) नूतनजीवी

90. Which of the following does not represent a true fossilization method ?

(A) Preservation of original remains

(B) Permineralization

(C) Molds and casts

(D) Dendrite formation in limestone

91. Which of the following is not a metallic ore mineral ?

(A) Magnetite

(B) Pyrolusite

(C) Barite

(D) Chalcopyrite

92. Which of the following metal deposits is not known so far from Rajasthan ?

(A) Cr

(B) Zinc

(C) Pb

(D) Cu

93. Which of the following statements is true for minerals ?

(A) They are inorganic substances.

(B) They exist in both solid and liquid forms in nature.

(C) They do not have a definite chemical composition.

(D) They do not have a fixed internal structure.

94. Which of the following minerals can be identified by the characteristic 'cherry red' streak ?

(A) Rose quartz

(B) Garnet

(C) Magnetite

(D) Hematite

90. निम्नलिखित में से कौन-सा एक सही जीवाश्मीकरण विधि का प्रतिनिधित्व नहीं करता है ?

(A) जीव के मूल अवशेषों का संरक्षण

(B) पर-खनिजीकरण

(C) सांचा एवं ढालना

(D) चूना पत्थर में द्रुमाकृति का बनना

91. निम्नलिखित में से कौन धातु खनिज अयस्क नहीं है ?

(A) मैग्नेटाइट

(B) पायरोलुसाइट

(C) बैराइट

(D) चेल्कोपायराइट

92. निम्नलिखित में से कौन-सा धात्विक खनिज निक्षेप राजस्थान से अब तक ज्ञात नहीं है ?

(A) Cr

(B) Zinc

(C) Pb

(D) Cu

93. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन खनिजों के संदर्भ में सही है ?

(A) वे अकार्बनिक पदार्थ होते हैं।

(B) वे कार्बनिक और अकार्बनिक दोनों प्रकार के पदार्थ होते हैं।

(C) उनका एक निश्चित रासायनिक संघटन नहीं होता है।

(D) उनकी एक निश्चित आंतरिक संरचना नहीं होती है।

94. निम्न में से किस खनिज को उसकी विशिष्ट 'चेरी जैसी लाल' वर्ण रेखा के आधार पर पहचाना जा सकता है ?

(A) गुलाबी स्फटिक

(B) गार्नेट

(C) मेग्नेटाइट

(D) हेमेटाइट

100. Which of the following basins in India is not associated with the production of petroleum ?

(A) Barmer Basin

(B) Aravalli Basin

(C) Krishna Godavari Basin

(D) Cambay Basin

-oOo-

100. निम्नलिखित में से कौन-सी भारतीय द्रोणी पेट्रोलियम के उत्पादन से सम्बंधित नहीं है ?

(A) बाड़मेर द्रोणी

(B) अरावली द्रोणी

(C) कृष्णा-गोदावरी द्रोणी

(D) केम्बे द्रोणी

-oOo-